बुर्ज खलीफा के आर्किटेक्ट और निवेशक संवारेंगे आईटीजीएनएल

302 हेक्टेयर में फैले परिसर को सुव्यवस्थित करने के लिए दुबई के आर्किटेक्ट और निवेशकों से साधा संपर्क

शशांक मिश्र

ग्रेटर नोएडा। देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप में शुमार होने वाली इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड (आईटीजीएनएल) को संवारने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण दुबई के आर्किटेक्ट और निवेशकों की मदद लेगा। इसके लिए प्राधिकरण की एक टीम ने बुर्ज खलीफा से लेकर अत्याधुनिक इमारतों के निर्माण में भूमिका निभाने वाले निवेशकों और आर्किटेक्ट से संपर्क साधा है। उम्मीद जताई जा रही है कि आईटीजीएनएल में आवासीय के साथ व्यावसायिक और औद्योगिक इमारतों को दुबई की तकनीक से ही विकसित किया जाएगा। प्राधिकरण की टीम एनसीआर की सबसे ऊंची इमारतों के निर्माण के प्रस्ताव पर अंतिम मुहर लगाने की तैयारी में है।

दरअसल, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे के तहत 302 हेक्टेयर में विकसित होने वाली आईआईटीजीएनएल में देश और विदेश की कई कंपनियां भूखंड के लिए प्रयासरत हैं। इसमें औद्योगिक विकास के साथ यहां काम करने वालों की सहूलियत के लिए आवासीय क्षेत्र भी विकसित करने की योजना है।

नोएडा एयरपोर्ट के संचालन से पहले इस क्षेत्र को अलग पहचान देने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण दुबई की तर्ज पर ऊंची और आकर्षक इमारतों का निर्माण करने की योजना में है। इसके लिए प्राधिकरण की एक टीम ने दुबई में बुर्ज खलीफा सहित वहां की ऊंची, आलीशान और अत्याधुनिक इमारतों का निर्माण करने वाले आर्किटेक्ट और निवेशकों को आईआईटीजीएनएल आमंत्रित किया है। दुबई के निवेशक भी प्राधिकरण की इस योजना से काफी उत्साहित हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि जल्द ही इसमें सकरात्मक परिणाम आएंगे।

सांकेतिक

आईटी कंपनियों को भी किया जा रहा है आमंत्रित

750 एकड़ में विकसित होने वाली इस टाउनशिप में एक दर्जन बड़ी कंपनियां अपना प्लांट लगा रही हैं। हायर इलेक्ट्रानिक्स, फॉर्मी मोबाइल, सत्कृति इंफोटेनमेंट, चेनफेंग (एलईडी कंपनी) और जे वर्ल्ड इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी कंपनियां भी इसी टाउनशिप में चल रही हैं। अब प्राधिकरण देश की बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी की बड़ी कंपनियों को आमंत्रित किया जा रहा है। फिलहाल, इस महीने 25 एकड़ के दो भूखंडों के आवंटन की उम्मीद है।

> “ प्राधिकरण की एक टीम ने बुर्ज खलीफा से लेकर अत्याधुनिक इमारतों के निर्माण में भूमिका निभाने वाले निवेशकों और आर्किटेक्ट से संपर्क साधा है। आईटीजीएनएल में आवासीय के साथ व्यावसायिक और औद्योगिक इमारतों को विकसित करने में दुबई के विशेषज्ञों से संपर्क साधा जाएगा।
>
> -प्रेरणा सिंह, निदेशक, आईआईटीजीएनएल

एक नजर में स्मार्ट टाउनशिप

- भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है और डिजाइन प्रक्रिया शुरू हो गई है
- हाईटेक (टाइप ए-फ्लैटेड) उद्योग - सेक्टर की सड़कों के किनारे और सबसे उत्तरी भाग में कम ऊंचाई वाली इमारतें।
- हाई-टेक (टाइप बी-आईटी/आईटीईएस) उद्योग - प्रवेश द्वार पर ऊंची-ऊंची सिग्नेचर बिल्डिंगें, रणनीतिक स्थान पर प्रभावशाली सौंदर्य प्रदान करती हैं।
- जैव-प्रौद्योगिकी उद्योग- सेक्टर रोड और एक्सप्रेसवे के किनारे मध्यम से ऊंची इमारतें
- दक्षिणी/निचले भू-भागों में स्थित लगभग दक्षिणी भू-भागों पर कब्जा कर रही हैं।
- आर एंड डी इंडस्ट्रीज - मध्य-ऊंचाई वाली ऐतिहासिक संरचनाएं केंद्रीय भूमि पार्सल में स्थित केंद्रीय स्पाइन रोड के पूर्वी किनारे पर केंद्रीय क्षेत्रों पर स्थित हैं।
- सीबीडी कोर को पूरे टाउनशिप को विशिष्टता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसके चारों ओर वास्तुशिल्प प्रदर्शित करने वाली इमारते हैं।